दिनांक–11.12.2015 को सहायक निदेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में JnNURM की योजनाओं तथा प्रशाखा–03 के कार्यों की समीक्षा हेतु सम्पन्न बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थितिः– यथा पंजी के अनुसार।

कार्यवाही :– सभी उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई।

(क) JnNURM-UIDSSMT के अन्तर्गत विभिन्न नगर निकायों में कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा निम्न प्रकार की गयी :–

(1) चकिया, नगर पंचायत अन्तर्गत रोड–सह–नाला योजना :– नगर प्रबंधक श्री आसीफ सेराज द्वारा बताया गया कि योजना के प्राक्कलित राशि 1285.00 लाख रू0 के विरूद्ध 1265.73 लाख रू0 आवंटन प्राप्त हुआ। 967.75281 लाख रू0 के व्यय पर कुल 96 योजनाओं में से 88 योजना पूर्ण कर लिया गया है। शेष 08 योजना को कतिपय कारणों से कार्यान्वित नहीं किया जा सका है। शेष ब्याज सहित अवशेष राशि रू0 341.90656 लाख रू0 से कार्यान्व्यन के लिए 88 योजनाओं की स्वीकृति विभाग की स्थायी वित्त समिति द्वारा प्रदान की गई जिसकी निविदा हो चुकी है। रू0 146.99841 रू0 व्यय पर 43 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है, शेष का कार्य प्रगति पर है। इन योजनाओं को 31.03.2016 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

(2) लालगंज, नगर पंचायत अन्तर्गत रोड –सह नाला योजना :– कार्यपालक अभियंता, श्री कासिम अंसारी, जिला शहरी विकास अभिकरण (डुडा) वैशाली द्वारा बताया गया कि योजना की प्राक्कलित राशि 1263.00 लाख के विरूद्ध आवंटित कुल राशि 1244.10 लाख रू0 से कार्यान्वयन हेतु 108 योजनाओं का चयन किया गया था, जिसमें से राशि 1236.83 लाख रू0 का व्यय हो चुका है। इससे 107 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है, शेष एक योजना को जनवरी, 2016 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

(3) फतुहा, नगर पंचायत अन्तर्गत रोड –सह नाला योजना :–कार्यपालक पदाधिकारी, श्री श्याम नन्दन प्रसाद द्वारा बताया गया कि योजना के लिए प्राक्कलित राशि 759.00 लाख के विरूद्ध आवंटित राशि 727.61 लाख रू0 में 70 योजनाओं को कार्यान्वयन हेतु लिया गया जिसमें से 618.22 लाख रू0 व्यय कर 64 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है। 02 का कार्य प्रगति पर है, 02 योजना विवाद के कारण स्थगित है, 02 योजना कतिपय कारण से रद्द कर दिया गया। शेष योजनाओं को दिसम्बर 2016 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

(4) बरबीघा, नगर पंचायत अन्तर्गत रोड–सह–नाला योजना :– कार्यपालक पदाधिकारी, श्री दिनेश कुमार सिन्हा द्वारा बताया गया कि योजना की प्राक्कलित राशि 1573.00 लाख रू0 के विरूद्ध आवंटित राशि 1549.40 लाख रू0 में से कार्यान्वयन हेतु 127 योजनाओं को लिया गया था, जिसमें से 1299.00 लाख रू0 व्यय पर 119 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है, शेष राशि से कार्यान्वयन हेतु 03 योजनाएँ ली गई है, जिसे 31.01.2016 तक योजनाओं को पूर्ण करने हेतु कार्य प्रगति पर है।

(5) भभुआ, नगर परिषद अन्तर्गत रोड–सह–नाला योजना :– बैठक में भभुआ नगर निकाय से कोई भी प्रतिनिधि सम्मिलित नहीं हुए विगत बैठक में भी वे उपस्थित नहीं हुए थे। योजना के प्रभारी सहायक द्वारा बताया गया कि योजना के लिए कुल आवंटित रशि 1071.68 लाख रू0 से कार्यान्वयन हेतु 170 योजनाओं को लिया गया जिसमें से 817.39 लाख रू0 व्यय कर 145 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है, शेष योजनाओं को पूर्ण करने हेतु कार्य प्रगति पर है।

126

कार्यपालक पदाधिकारी, भभुआ के लगातार बैठकों में अनुपस्थिति पर खेद व्यक्त किया गया तथा उनसे स्पष्टीकरण पुछने का निदेश दिया गया।

(6) रोसड़ा, नगर पंचायत अन्तर्गत रोड–सह–नाला योजना :– कार्यान्वयन एजेंसी बुडको के परियोजना निदेशक (मुख्यालय) श्री अमलेन्दु कुमार रंजन द्वारा बताया गया कि योजना को ब्याज सहित कुल राशि 2243.62 लाख रू0 की व्यय कर पूर्ण कर लिया गया है। इसके लिए बुडको को 2207.00 लाख रू0 प्राप्त हुआ था।

प्रभारी सहायक द्वारा बताया गया कि योजना पूर्ण होने के बाद नगर निकाय के पास 324.71 लाख रू0 एवं बुडा में 388.70 लाख रू0 अवशेष है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नगर निकाय के पास शेष पड़ी राशि को वापस मांगा जाय।

(7) नरकटियागंज, नगर परिषद अन्तर्गत रोड–सह–नाला योजना :–कार्यान्वयन एजेंसी बुडको के परियोजना निदेशक (मुख्यालय) श्री अमलेन्दु कुमार रंजन द्वारा बताया गया कि योजना को 2445.99 लाख रू0 व्यय कर पूर्ण कर लिया गया है।

प्रभारी सहायक द्वारा बताया गया कि योजना पूर्ण होने के बाद नगर निकाय के पास 1514.33 लाख रू0, बुडको के पास 125.17 लाख रू0 एवं बुडा में 627.14 लाख रू0 राशि अवशेष है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नगर निकाय एवं बुडको के पास शेष पड़ी राशि को वापस मांगा जाय।

(8) बख्तियारपुर, नगर पंचायत अन्तर्गत रोड–सह–नाला योजना :–कार्यान्वयन एजेंसी बुडको के परियोजना निदेशक (मुख्यालय) द्वारा बताया गया कि योजना को 315.32 लाख रू0 व्यय पर पूर्ण कर लिया गया है।

प्रभारी सहायक द्वारा बताया गया कि योजना पूर्ण होने के बाद नगर निकाय के पास 100.00 लाख रू एवं बुडको के पास 88.02 लाख रू0 राशि अवशेष है। नगर निकाय द्वारा उक्त 100.00 लाख रू0 बुडको को देने की बात कही गयी है, जबकि बुडको द्वारा उक्त राशि प्राप्त नहीं होने की बात बतायी गयी। इसके संबंध में नगर निकाय एवं बुडको से अलग से पत्राचार कर वस्तुस्थिति स्पष्ट करने का निर्णय लिया गया।

(9) मुरलीगंज, नगर पंचायत अन्तर्गत रोड–सह–नाला योजना :–कार्यान्वयन एजेंसी बुडको के परियोजना निदेशक (मुख्यालय) श्री अमलेन्दु कुमार रंजन द्वारा बताया गया कि योजना को 768.43 लाख रू0 व्यय कर पूर्ण कर लिया गया है।

प्रभारी सहायक द्वारा बताया गया कि योजना पूर्ण होने के बाद बुडको के पास 328.28 लाख रू0 अवशेष है। इस अवशेष राशि को वापस मांगे जाने का निर्णय लिया गया।

(10) आरा, नगर निगम अन्तर्गत ठोस कचरा प्रबंधन :– कार्यान्वयन एजेंसी बुडको के परियोजना निदेशक (मुख्यालय) द्वारा बताया गया कि ठोस अपशिष्ट कार्य हेतु मशीन क्रय कर आरा नगर निगम को हस्तांतरित किया जा चुका है, जिस पर 233.36 लाख रू0 व्यय हुआ है। आरा नगर निगम द्वारा जमीन उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण Land fill Site, Weight bridge इत्यादि का निर्माण कार्य अवरूद्ध है तथा शेष राशि 747.61 लाख रू0 बची हुई है।

प्रभारी सहायक द्वारा बताया गया कि भारत सरकार द्वारा AMRUT योजना के अंतर्गत इस योजना में 98.00 लाख रू0 की स्वीकृति दी गयी है, जिसका प्रस्ताव भी भेज दिया गया है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शेष राशि के उपयोग हेतु आरा नगर निगम से जमीन उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया जाय।

(11) मुजफ्फरपुर, नगर निगम अन्तर्गत जलापूर्ति योजना :– कार्यान्वयन एजेंसी बुडको के परियोजना निदेशक (मुख्यालय) द्वारा बताया गया कि संवेदक M/s IVRCL के द्वारा कार्य में प्रगति नहीं लाये जाने के कारण एकरारनामा रद्द करा दिया गया है। बुडको के प्रबंध मंडल द्वारा निर्णय लिया गया कि योजना को यथा स्थिति में नगर निगम मुजफ्फरपुर को हस्तांतरित कर दिया जाय, जिसके लिए कार्रवाई की जा रही है। अबतक योजना के कार्यान्वयन पर 1046.51 लाख रू0 व्यय की गयी है तथा ब्याज सहित लगभग 4300.00 लाख अवशेष है।

प्रभारी सहायक द्वारा बताया गया कि मुजफ्फरपुर जलापूर्ति योजना को यथा स्थिति में बुडको से नगर निगम को हस्तांतरित करने हेतु प्राधिकृत समिति की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त किया जाना है। विभागीय प्रधान सचिव के निदेशानुसार बुडको को मुजफ्फरपुर, नगर निगम से संपर्क स्थापित कर शेष योजना संबंधि प्रतिवेदन तैयार कर योजना हस्तांतरण संबंधी संलेख में समाहित करते हुए संशोधित संलेख प्रारूप उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है, जो अबतक प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) JnNURM- UIG योजना:–

(1) खगौल, नगर परिषद अन्तर्गत जलापूर्ति योजना :– कार्यान्वयन एजेंसी बुडको के परियोजना निदेशक (मुख्यालय) द्वारा बताया गया कि कार्य पूर्ण कर लिया गया है। योजना नगर परिषद को हस्तांतरित कर दी गयी है तथा जलापूर्ति की जा रही है। योजना पूर्ण करने हेतु विभाग द्वारा विमुक्त 920.80 लाख रू0 के विरूद्ध 1099.57 लाख रू0 का व्यय हुआ है। अतिरिक्त राशि पटना जलापूर्ति से व्यय की गयी है।

(2) फुलवारीशरीफ, नगर परिषद अन्तर्गत जलापूर्ति योजना :– कार्यान्वयन एजेंसी बुडको के परियोजना निदेशक (मुख्यालय) द्वारा बताया गया कि जमीन अनुपलब्धता के कारण छह Low capacity जलमिनार के स्थान पर पाँच High capacity जलमिनार का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 12 कम क्षमता के नलकुप के स्थान पर छह अधिक क्षमता के नलकूप तथा 98.00 कि0मी0 लक्ष्य के विरूद्ध 82.96 किमी0 पाईप बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अब तक योजना के कार्यान्वयन हेतु विभाग द्वारा विमुक्त 1729.18 लाख रू0 के विरूद्ध 1826.32 लाख रू0 व्यय हुआ है। अतिरिक्त राशि पटना जलापूर्ति से व्यय की गयी है। मार्च, 2016 तक योजना पूर्ण कर ली जायेगी।

(3) बोधगया, नगर पंचायत अन्तर्गत जलापूर्ति योजना :–कार्यान्वयन एजेंसी बुडको के परियोजना निदेशक (मुख्यालय) श्री अमलेन्दु कुमार रंजन द्वारा बताया गया कि इस योजना हेतु प्रस्तावित सभी 12 नलकूप एवं चार जलमिनार का कार्य पूर्ण हो गया है। 71 किमी0 में से 63.97 किमी0 पाईप बिछाने का कार्य पूर्ण हो गया है। सभी चार जोन में जल वितरण प्रणाली प्रगति पर है तथा मार्च, 2016 तक योजना पुरी कर ली जायेगी, अब तक योजना हेतु विभाग द्वारा विमुक्त 1744.98 लाख रू0 के विरूद्ध पर 2070.61 लाख रू0 व्यय हुआ है। अतिरिक्त राशि पटना जलापूर्ति से व्यय की गयी है।

(4) बोधगया, नगर पंचायत अन्तर्गत सिवरेज योजना :– कार्यान्वयन एजेंसी बुडको के परियोजना निदेशक (मुख्यालय) श्री अमलेन्दु कुमार रंजन द्वारा बताया गया कि 65 कि0मी0 के विरूद्ध 60 किमी0 सिवर लाईन बिछा दिया गया है। 6000के विरूद्ध 3067 मेनहॉल का कार्य पूर्ण हो गया है। पाँच प्रस्तावित आई0पी0एस0 तथा एस0टी0पी0 का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा मार्च 2016 तक योजना पूर्ण कर ली जायेगी। अब तक योजना हेतु विभाग द्वारा विमुक्त 4989.04 लाख रू0 के विरूद्ध 7363.03 लाख रू0 का व्यय हुआ है। अतिरिक्त राशि पटना जलापूर्ति से व्यय की गयी है।

(5) दानापुर, खगौल एवं फुलवारीशरीफ, नगर परिषद अन्तर्गत SWM :– कार्यान्वयन एजेंसी बुडको के परियोजन निदेशक (मुख्यालय) श्री अमलेन्दु कुमार रंजन द्वारा बताया गया कि तीनो नगर निकायों को उपकरण खरीद क हस्तांतरित किया जा चुका है। Land Fill Site, Weight bridge इत्यादि के निर्माण मद में इस योजना हेतु विभाग द्वारा विमुक्त 520.13 लाख रू0 के विरूद्ध 345.89 लाख रू0 का व्यय Equipment के खरीद पर की गयी है। एव 174.24 लाख रू0 शेष बचा हुआ है। नगर निकाय द्वारा जमीन नहीं उपलब्ध कराये जाने के कारण SWM का कार्य आरंभ नहीं हुआ है।

इस योजना के कार्यान्वयन हेतु MoUD से AMRUT के अंतर्गत 346.74 .लाख रू0 स्वीकृत होने की सूचना प्राप्त हुई है, जिससे संबंधित प्रस्ताव विभाग को भेज दिया गया है।

(6) दानापुर, नगर परिषद अन्तर्गत जलापूर्ति योजना :– कार्यान्वयन एजेंसी बुडको के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि दानापुर जलापूर्ति योजना के संवेदक M/s Vishwa-BRCCPL द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने के कारण उनका एकरारनामा रद्द कर ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। एक नलकूप, दो जलमिनार एवं 43.25 किमी0 पाईप बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिस पर 1723.76 लाख रू0 व्यय किया गया है। शेष राशि 1380.52 लाख अवशेष है।

प्रभारी सहायक द्वारा बताया गया कि शेष योजना का कार्य तीन जोन में कराने हेतु योजना की बढ़ी हुई राशि का व्यय राज्य योजना मद से किये जाने की स्वीकृति के लिये प्राधिकृत समिति से अनुमोदन हेतु संलेख तैयार कर संचिका उपस्थापन में है।

(7) पटना, नगर निगम अन्तर्गत जलापूर्ति योजना :– कार्यान्वयन एजेंसी बुडको के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लाये जाने के कारण संवेदक M/s Gammon India-Geo Miller (JV) का एकरारनामा रद्द कर दिया गया है। 18 जलमिनार का आंशिक निर्माण 166 किमी0 पाईप बिछाने का कार्य 34.41 किमी0 हाइड्रोलिक टेस्ट एवं WTP कार्य स्थल पर मिट्टी भराई का कार्य पूर्ण किया गया है। सात ग्रुप में पुनर्निविदा की गई थी। दो ग्रुप में एकल निविदा प्राप्त हुई है तथा उनका वित्तीय निविदा खोला गया है। एक में कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है एवं दुसरे ग्रुप में कार्य आवंटन के संबंध में निर्णय लिया जा रहा है। शेष कार्य हेतु निविदा की प्रक्रिया जारी है। इस योजना हेतु विभाग द्वारा विमुक्त 15748.48 लाख रू0 के विरूद्ध 6989.50 लाख रू0 व्यय हुआ है।

प्रभारी सहायक द्वारा बताया गया कि कुल–72 जलमिनार में 18 का कार्यान्वयन बुडको द्वारा एवं शेष 54 जलमिनार का कार्यान्वयन नगर निगम, पटना द्वारा कराये जाने संबंधी संलेख उपस्थापन में है।

(8) पटना एवं बोधगया के लिए 300 बसों का क्रय :– कार्यान्वयन एजेंसी बुडको के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि चयनित फर्म मेसर्स टाटा मोटर्स से 65 बसों की आपूर्ति प्राप्त की गई है। 40 बसों का परिचालन विभिन्न मार्गों पर मेसर्स ए.बी.ग्रेन. स्पीरिट प्रा0 लि0 द्वारा किया जा रहा है। डिपों में रखे गये शेष 25 बसों को हस्तांतरण BSRTC को करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। शेष राशि से 76 नये बस का क्रय कर लिया गया है, जिसका हस्तांतरण भी BSRTC को कर दिया गया है। इस योजना हेतु विभाग द्वारा विमुक्त 2062.50 लाख रू0 के विरूद्ध 2062.58 लाख रू0 व्यय हो चुका है।

(9) राज्य के 17 शहरों के लिए 798 बसो का क्रय :– कार्यान्वयन एजेंसी बुडको के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि M/s V.E.Commercial Vehicle Ltd. (Eicher Motor) से 518 मिनी बसों की आपूर्ति हेतु मो0– 130,90,38,000 रू0 का एकरारनामा संपादित कर लिया गया है। 280 लो फ्लोर नन ए.सी. प्रीमियम लो फ्लोर ए.सी. तथा मिनि नन ए.सी. बसों के लिए प्रकाशित निविदा में पाँच फर्मों द्वारा निविदा समर्पित किया गया है। वित्तीय निविदा खोल दिया गया है। निर्णय स्थगित है।

(10) दिनांक–29.09.15 को साप्ताहिक विभागीय बैठक में प्रधान सचिव से प्राप्त निदेश के आलोक में JnNURM की सभी घटकों की पुस्तिका तैयार करने हेतु बुडको से अनुरोध किया गया है।

(अरविन्द कुमार झा),
सहायक निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–03 / AMRUT-21-07/2015- 4974 दिनांक– 14/12/15

प्रतिलिपिः– सर्वसंबंधित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सहायक निदेशक।